# PAPER-II
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ..............................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________
(In words)

**D 0 9 1 2**

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## EDUCATION
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

1. Epistemology is the branch of philosophy which deals with the theories of
   (A) Reality
   (B) Existence
   (C) Knowledge
   (D) Values

2. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labeled as Reason (R).

   **Assertion (A) :** Philosophy helps in determining aims of education.

   **Reason (R) :** Education depends mostly on Philosophy.

   In the context of the two statements, which one of the following is correct ?

   **Codes :**
   (A) Both (A) and (R) are true.
   (B) Both (A) and (R) are false.
   (C) (A) is true, but (R) is false.
   (D) (A) is false, but (R) is true.

3. "Things as they are and as they are likely to be encountered in life rather than words" was the slogan of the
   (A) Pragmatists
   (B) Realists
   (C) Idealists
   (D) Existentialists

4. An existentialistic teacher should emphasize on
   I. Freedom
   II. Responsibility
   III. Subjective feelings
   IV. Cooperative living

   In the above which combination is correct ?

   **Codes :**
   (A) I & II are correct.
   (B) I & III are correct.
   (C) I, II & III are correct.
   (D) II, III & IV are correct.

5. Who advocated the creation of a classless society ?
   (A) Plato
   (B) Auguste Comte
   (C) M.K. Gandhi
   (D) Karl Marx

6. The Vedas teach us that
   (A) Creation is without beginning
   (B) Creation is without an end.
   (C) Creation is without beginning and without an end.
   (D) Creation has a definite beginning and also an end.

7. According to Samkhya philosophy, the sequence of creation is as under :
   (A) Purusa, Prakrati, Ahankar, Mahat
   (B) Prakrati, Purusa, Ahankar, Mahat
   (C) Prakrati, Purusa, Mahat, Ahankar
   (D) Purusa, Prakrati, Mahat, Ahankar

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** दर्शन की एक शाखा ईपिस्टेमोलोजी किसके सिद्धान्तों से संबंध रखती है ?

(A) यथार्थता

(B) अस्तित्व

(C) ज्ञान

(D) मूल्य

**2.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) कहा गया है तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** शिक्षा के उद्देश्यों को तय करने में दर्शन सहायक है ।

**कारण (R) :** शिक्षा दर्शन पर अत्यधिक निर्भर है ।

उपरोक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्न में से कौन सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) सत्य है, पर (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, पर (R) सत्य है ।

**3.** "शब्दों की बजाए जो कुछ जैसा भी है और जैसा भी जीवन में उनसे सामना होने की संभावना है ।" किसका नारा है ?

(A) प्रयोजनवादी

(B) यथार्थवादी

(C) आदर्शवादी

(D) अस्तित्ववादी

**4.** एक अस्तित्ववादी अध्यापक को किस पर महत्ता देनी चाहिए ?

I. स्वतंत्रता

II. उत्तरदायित्व

III. व्यक्तिपरक भावनाएँ

IV. मिलजुलकर रहना

उपरोक्त में से कौन सा संयोजन सही है ?

**कूट :**

(A) I और II सही हैं ।

(B) I और III सही हैं ।

(C) I, II और III सही हैं ।

(D) II, III और IV सही हैं ।

**5.** एक वर्गविहीन समाज बनाने की वकालत किसने की ?

(A) प्लेटो

(B) ऑगस्ट काम्टे

(C) महात्मा गाँधी

(D) कार्ल मार्क्स

**6.** वेद हमें सिखाते हैं कि :

(A) सृष्टि का प्रारम्भ नहीं है ।

(B) सृष्टि का अन्त नहीं है ।

(C) सृष्टि का आदि एवं अन्त नहीं है ।

(D) सृष्टि का निश्चित आदि व अन्त है ।

**7.** सांख्य दर्शन के अनुसार सृष्टि का अनुक्रम निम्नानुसार है :

(A) पुरुष, प्रकृति, अहंकार, महत

(B) प्रकृति, पुरुष, अहंकार, महत

(C) प्रकृति, पुरुष, महत, अहंकार

(D) पुरुष, प्रकृति, महत, अहंकार

**8.** Match the following :

| List – I (Buddhist Concept) | List – II (Meaning/Example) |
|---|---|
| a. Arya Satya | 1. Namrupa |
| b. Dwadash Nidan | 2. Samadhi |
| c. Ashtanga Marg | 3. Samyaka Vyayam |
| d. Nirvana | 4. Controlling of breath |
| | 5. Sorrow in life |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 5 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 5 | 4 | 3 |

**9.** Critically judge the following :

**Assertion (A) :** All Muslim Women need to go to school.

**Reason (R) :** Muslim Philosophy lays emphasis on the equality of all-men or women.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) Statement (A) is true, but (R) is false.

(D) Statement (A) is false, but (R) is true.

**10.** In Tagorian Education System the child learns better by

I. Debates and Discussion

II. Reading, Writing and Speaking

III. Dance, Drama and Music

IV. Travelling and interacting with nature.

In the context of the above, which statements are true ?

(A) All I, II, III and IV are true.

(B) Statements I, III and IV are true.

(C) Statements I, II and III are true.

(D) Statements II, III and IV are true.

**11.** The right to free and compulsory education for children between age group of 6 to 14 has been inserted in Indian Constitution as

(A) Article 46

(B) Article 16

(C) Article 45A

(D) Article 21A

**12.** Who advocated the logical analysis of language for getting the true meaning ?

(A) A.J. Ayer

(B) Bertrand Russel

(C) Morris L. Biggie

(D) G.E. Moore

**13.** Sociology of Education is

(A) A branch of Anthropology

(B) A study of the Society

(C) An analysis of Sociological processes involved in the institutions of Education.

(D) A science which studies primitive societies.

**8.** निम्न की सही जोड़ी बनाइए :

| **सूची – I (बौद्ध संकल्पना)** | **सूची – II (अर्थ/उदाहरण)** |
|---|---|
| a. आर्य सत्य | 1. नामरुप |
| b. द्वादश निदान | 2. समाधि |
| c. अष्टांग मार्ग | 3. सम्यक व्यायाम |
| d. निर्वाण | 4. श्वास नियंत्रण |
| | 5. जीवन में दु:ख |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 5 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 5 | 4 | 3 |

**9.** निम्नलिखित आधारवाक्यों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** सभी मुस्लिम महिलाओं को स्कूल जाना चाहिए ।

**कारण (R) :** मुस्लिम दर्शन सभी-पुरुषों अथवा स्त्रियों, की समानता पर जोर देता है ।

**कूट :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सत्य हैं ।

(B) दोनों (A) तथा (R) असत्य हैं ।

(C) कथन (A) सत्य है, पर (R) असत्य है ।

(D) कथन (A) असत्य है, पर (R) सत्य है ।

**10.** टैगोर की शिक्षा व्यवस्था में बालक किससे बेहतर सीखता है ?

I. वादविवाद और चर्चा से

II. पढ़ना, लिखना और बोलने से

III. नृत्य, नाटक और संगीत से

IV. पर्यटन और प्रकृति के साथ अन्योन्यक्रिया से

उपरोक्त के संदर्भ में कौन से कथन सत्य हैं ?

(A) सभी कथन I, II, III तथा IV सत्य हैं ।

(B) कथन I, III तथा IV सत्य हैं ।

(C) कथन I, II तथा III सत्य हैं ।

(D) कथन II, III तथा IV सत्य हैं ।

**11.** भारतीय संविधान में 6 से 14 वर्ष की आयु के बालकों हेतु नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार किस अनुच्छेद के अंतर्गत लाया गया है ?

(A) अनुच्छेद 46

(B) अनुच्छेद 16

(C) अनुच्छेद 45A

(D) अनुच्छेद 21A

**12.** सही अर्थ हेतु भाषा के तार्किक विश्लेषण की वकालत किसने की ?

(A) ए. जे. ऐयर

(B) बर्ट्रेन्ड रसेल

(C) मॉरिस एल. बिग्गी

(D) जी. ई. मूर

**13.** शिक्षा का समाजविज्ञान है :

(A) मानव विज्ञान की शाखा

(B) समाज का अध्ययन

(C) शिक्षा की संस्थाओं से जुड़ी समाज-विज्ञानीय प्रक्रियाओं का विश्लेषण

(D) एक विज्ञान जो आदिकालीन समाजों का अध्ययन करता है ।

**14.** Schools are basically social institutions as

(A) They preserve and instil the values of our culture in future generations.

(B) They suggest ways and means for social progress.

(C) They suggest solutions to social problems.

(D) They are established by the society.

**15.** Which is not a criterion used consistently for placing people in a particular social class ?

(A) Race

(B) Religion

(C) Knowledge

(D) Wealth

**16.** Beginning with family as the lowest unit which of the following constitutes correctly sequenced hierarchy of social group ?

(A) Nation – Race – Class – Tribe – Family.

(B) Family – Class – Tribe – Race – Nation.

(C) Family – Tribe – Race – Class – Nation.

(D) Family – Race – Class – Tribe – Nation.

**17.** Use of Science and Technology in replacing existing social practices is termed as

(A) Socialization

(B) Westernization

(C) Sanskritization

(D) Modernization

**18.** The process of imbibing one's own culture in one's personality is termed as

(A) enculturation

(B) acculturation

(C) socialization

(D) sanskritization

**19.** Critically judge the following :

**Assertion (A) :** My religion is the best religion.

**Reason (R) :** The democratic philosophy allows me to think and live with freedom.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) Only (A) is true, but (R) is false.

(D) Only (R) is true.

**20.** Which of the following chains represents the change processes underlying educational system of Free India ?

(A) Psychological change – Social change – Political change – Educational change.

(B) Political change – Social change – Psychological change – Educational change.

(C) Social change – Psychological change – Political change – Educational change.

(D) Educational change – Social change – Psychological change.

**21.** The son of a rickshaw puller struggles and becomes an engineer. This is an example of

(A) Social change

(B) Social stratification

(C) Social mobility

(D) Social cohesion

**14.** विद्यालय मूलभूत रूप से सामाजिक संस्था है क्योंकि :

(A) वे हमारी संस्कृति के मूल्यों को बनाए रखते हैं और भावी पीढ़ियों के मन में बैठा देते हैं ।

(B) वे सामाजिक प्रगति के तरीकें तथा साधन बताते हैं ।

(C) वे सामाजिक समस्याओं का हल बताते हैं ।

(D) वे समाज द्वारा स्थापित किये जाते हैं ।

**15.** लोगों को एक विशेष सामाजिक वर्ग में रखने के लिये सुसंगत रूप से उपयोग किया गया मानदंड कौन सा <u>नहीं</u> है ?

(A) प्रजाति

(B) धर्म

(C) ज्ञान

(D) सम्पदा

**16.** परिवार को एक छोटी इकाई मानते हुए निम्न में कौन सा सामाजिक समूह उठता सोपानिक अनुक्रम है ?

(A) राष्ट्र – प्रजाति – वर्ग– जनजाति – परिवार

(B) परिवार – वर्ग – जनजाति – प्रजाति – राष्ट्र

(C) परिवार – जनजाति – प्रजाति – वर्ग – राष्ट्र

(D) परिवार – प्रजाति – वर्ग – जनजाति – राष्ट्र

**17.** विद्यमान सामाजिक प्रथाओं के प्रतिस्थापन में विज्ञान और तकनीकी के उपयोग को क्या कहा जाता है ?

(A) सामाजीकरण

(B) पश्चिमीकरण

(C) संस्कृतिकरण

(D) आधुनिकीकरण

**18.** किसी के व्यक्तित्त्व में अपनी खुद की संस्कृति के आत्मसातीकरण की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ?

(A) सांस्कृतिकरण

(B) परसंस्कृतिकरण

(C) सामाजीकरण

(D) संस्कृतिकरण

**19.** निम्नलिखित का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** मेरा धर्म सर्वश्रेष्ठ धर्म है ।

**कारण (R) :** प्रजातांत्रिक दर्शन मुझे स्वतंत्रतापूर्वक सोचने और रहने की अनुमति देता है ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं और (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) केवल (A) सत्य है और (R) असत्य है ।

(D) केवल (R) सत्य है ।

**20.** निम्नलिखित में से कौन सी श्रृंखला, स्वतन्त्र भारत की शैक्षिक पद्धति की मूल परिवर्तन प्रक्रिया को निरुपित करती है ?

(A) मनोवैज्ञानिक परिवर्तन – सामाजिक परिवर्तन – राजनीतिक परिवर्तन – शैक्षिक परिवर्तन

(B) राजनीतिक परिवर्तन – सामाजिक परिवर्तन – मनोवैज्ञानिक परिवर्तन – शैक्षिक परिवर्तन

(C) सामाजिक परिवर्तन – मनोवैज्ञानिक परिवर्तन – राजनीतिक परिवर्तन – शैक्षिक परिवर्तन

(D) शैक्षिक परिवर्तन – सामाजिक परिवर्तन – मनोवैज्ञानिक परिवर्तन

**21.** एक रिक्शाचालक का पुत्र संघर्ष करता है और एक इंजीनियर बन जाता है । यह एक उदाहरण है

(A) सामाजिक परिवर्तन का

(B) सामाजिक स्तरीकरण का

(C) सामाजिक गतिशीलता का

(D) सामाजिक संसक्ति का

**22.** An example of Social Stratification is

I. People with different status living in an area.

II. A society divided into different social status.

III. A separate colony in which only class III government employees live.

IV. A society consisting of upper and lower castes.

(A) All the above statements are correct.

(B) Statements I, II and IV are correct.

(C) Statements I, II and III are correct.

(D) Statements II, III and IV are correct.

**23.** Equality of opportunities in education implies that each student

(A) passes examination with first division.

(B) gets equal number of books and stationery.

(C) gets facilities according to his abilities and interests.

(D) gets facilities according to his potential and level in the society.

**24.** Disadvantaged sections of society consist of

I. Scheduled Castes and Scheduled Tribes

II. Women

III. Physically handicapped

IV. Rural people

(A) All the above

(B) Only I, II and III

(C) Only II, III and IV

(D) Only I, II and IV

**25.** Introspection method lacks in

(A) Reliability

(B) Validity

(C) Objectivity

(D) All the above three

**26.** Which of the following is <u>not</u> a principle of development ?

(A) Principle of continuity.

(B) Principle of individual difference.

(C) Principle of proceeding from specific to general response.

(D) Principle of integration.

**27.** Development of language in children, according to B.F. Skinner, is the result of

(A) Training in grammar

(B) Imitation and reinforcement

(C) Innate abilities

(D) Maturation

**28.** Behaviour pattern that increases in frequency when followed by a reward is known as

(A) Shaping

(B) Classical Conditioning

(C) Generalization

(D) Operant Conditioning

**29.** Find out the odd one :

(A) Originality

(B) Punctuality

(C) Flexibility

(D) Fluency

**22.** सामाजिक स्तरीकरण का उदाहरण निम्नांकित में से क्या है ?

I. एक क्षेत्र में विभिन्न स्तर के लोगों का रहना ।

II. एक समाज का विभिन्न सामाजिक स्तरों में विभाजन ।

III. एक अलग कॉलोनी जिसमें केवल वर्ग III के सरकारी कर्मचारी रहते हों ।

IV. ऊँची और नीची जातियों वाला समाज ।

(A) उपरोक्त सभी कथन सही हैं ।

(B) कथन I, II तथा IV सही हैं ।

(C) कथन I, II तथा III सही हैं ।

(D) कथन II, III तथा IV सही हैं ।

**23.** शिक्षा में अवसरों की समानता से अभिप्राय है कि प्रत्येक छात्र

(A) परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करे ।

(B) समान संख्या में पुस्तकें तथा स्टेशनरी पाए ।

(C) अपनी योग्यताओं तथा रुचियों के अनुसार सुविधाएँ प्राप्त करे ।

(D) अपनी क्षमताओं तथा समाज में स्तर के अनुसार सुविधाएँ प्राप्त करें ।

**24.** समाज का वंचित वर्ग बना है

I. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से

II. महिलाओं से

III. शारीरिक रूप से विकलांगों से

IV. ग्रामीण लोगों से

(A) उपरोक्त सभी

(B) केवल I, II तथा III

(C) केवल II, III तथा IV

(D) केवल I, II तथा IV

**25.** अन्तर्निरीक्षण पद्धति में किसका अभाव है ?

(A) विश्वसनीयता

(B) वैधता

(C) वस्तुपरकता

(D) उपर्युक्त सभी

**26.** निम्नांकित में से कौन सा विकास का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) निरन्तरता का सिद्धान्त

(B) व्यक्तिगत भेद का सिद्धान्त

(C) विशिष्ट से सामान्य प्रतिक्रिया तक बढ़ने का सिद्धान्त

(D) एकीकरण का सिद्धान्त

**27.** बी.एफ.स्किन्नर के अनुसार, बच्चों में भाषा का विकास निम्नलिखित का परिणाम है :

(A) व्याकरण में प्रशिक्षण

(B) अनुकरण तथा पुनर्बलन

(C) अंतर्जात योग्यताएँ

(D) परिपक्वन

**28.** पुरस्कृत होने पर जिस व्यवहार प्रतिमान की बारम्बारता बढ़ जाती है, क्या कहलाता है ?

(A) अनुकूलन (गढ़ना)

(B) क्लासीकीय अनुकूलन

(C) सामान्यीकरण

(D) क्रियाप्रसूत अनुकूलन

**29.** विषम मद ज्ञात कीजिये :

(A) मौलिकता

(B) समयनिष्ठा

(C) नम्यता

(D) धाराप्रवाहिता

**30.** Who propounded Self Theory of Personality ?

(A) Kretschmer

(B) Allport

(C) Eysenck

(D) Roger

**31.** Archimedes found the solution of his problem when he was in his bath tub. This will come under which step of process of creativity ?

(A) Preparation

(B) Incubation

(C) Illumination

(D) Verification

**32.** **Assertion (A) :** Motivation is important in the process of teaching and learning.

**Reason (R) :** Motivation is attraction towards a goal and clarifies it's meaning.

**Codes :**

(A) Only (A) is correct and (R) is incorrect.

(B) Only (A) is correct.

(C) Only (R) is correct.

(D) Both (A) and (R) are correct.

**33.** The pioneer of functionalism is

(A) Wilhelm Wundt

(B) William James

(C) J.B. Watson

(D) Kurt Lewin

**34.** Names of different types of intelligence tests are given in List – I and examples of questions are given in List – II. Match the correct name of the test to questions.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Vocabulary test | 1. In what ways animals and plants are alike ? |
| b. Memory test | 2. Where is Tajmahal situated ? |
| c. Information test | 3. What is the meaning of the word "Eventually" ? |
| d. Association test | 4. What is the mobile number of your class teacher ? |
| | 5. Why are nights longer and days shorter in winter ? |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 5 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**35.** Re-arrange the following steps of social learning theory as given by Bandura.

a. Remembering the behaviour.

b. Converting the memory into action.

c. Reinforcement of the imitated behaviour.

d. Attending to and perceiving the behaviour.

(A) a, b, d, c

(B) d, a, b, c

(C) d, a, c, b

(D) a, d, b, c

**30.** व्यक्तित्व का स्व सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) क्रिस्चमर

(B) आलपोर्ट

(C) आईजेंक

(D) रोजर

**31.** आर्कमीडिस ने अपनी समस्या का हल तब पाया जब वह अपने स्नान-टब में था । यह सृजनात्मकता की प्रक्रिया के किस सोपान के अंतर्गत आता है ?

(A) तैयारी

(B) उद्भवन

(C) प्रदीपन

(D) सत्यापन

**32.** **अभिकथन (A) :** अध्यापन तथा अधिगम की प्रक्रिया में अभिप्रेरणा महत्त्वपूर्ण है ।

**कारण (R) :** अभिप्रेरणा लक्ष्य के प्रति आकर्षण है तथा उसके अर्थ को स्पष्ट करती है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) केवल (A) सही है ।

(C) केवल (R) सही है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

**33.** प्रकार्यवाद का अग्रणी कौन है ?

(A) विल्हेम वूंड

(B) विलियम जेम्स

(C) जे.बी. वॉटसन

(D) कर्ट लेविन

**34.** सूची – I में भिन्न प्रकार के बुद्धि परीक्षणों के नाम दिये गये हैं और प्रश्नों के उदाहरण सूची – II में दिये गये हैं । परीक्षण के सही नाम को प्रश्न से सुमेलित कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. शब्दावली परीक्षण | 1. पौधे तथा पशु किन बातों में एक समान हैं ? |
| b. स्मरण शक्ति परीक्षण | 2. ताजमहल कहाँ स्थित है ? |
| c. सूचना परीक्षण | 3. “अंततोगत्वा” शब्द का क्या अर्थ है ? |
| d. साहचर्य परीक्षण | 4. आपकी क्लास टीचर का मोबाइल नम्बर क्या है ? |
| | 5. शरद ऋतु में क्यों रातें लम्बी और दिन छोटे होते हैं ? |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 5 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**35.** बंदुरा द्वारा दिये गये सामाजिक अधिगम के निम्नलिखित सोपानों को पुनर्व्यवस्थित कीजिये –

a. व्यवहार को स्मरण करना ।

b. स्मृति को कार्य में तबदील करना ।

c. प्रारम्भ किये गये व्यवहार का पुनर्बलीकरण ।

d. व्यवहार पर ध्यान देना और समझना ।

(A) a, b, d, c

(B) d, a, b, c

(C) d, a, c, b

(D) a, d, b, c

**36.** Nihar fails in the examination and attributes his failure to the framing of the faulty question paper. Which defence mechanism does he use ?

(A) Projection

(B) Compensation

(C) Identification

(D) Rationalisation

**37.** Which of the following is not a characteristic of Naturalistic Inquiry ?

(A) Multiple Realities

(B) Generalisation

(C) Human Relations

(D) Value Based Research

**38.** **Assertion (A) :** Longer tests are more reliable than shorter ones.

**Reason (R) :** Each item adds to test reliability.

Which of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.

(B) Only (A) is correct.

(C) Only (R) is correct.

(D) None of the (A) and (R) is correct.

**39.** Which of the following variances is not controlled or manipulated in a research design ?

(A) Variance of independent variable.

(B) Variance of dependent variable.

(C) Variance of extraneous variables.

(D) Error variance.

**40.** Which of the following is not a criterion for the statement of a good research problem ?

(A) Expression of relationship between/among variables.

(B) Clarity and unambiguousness.

(C) Possibility of empirical testing.

(D) Possibility of use of statistical analysis.

**41.** Which of the following variables is continuous ?

(A) Attitude towards school

(B) Family size in a locality

(C) Marital status of College students

(D) Religious affiliation of workers.

**42.** Read the following statements about a laboratory experiment.

I. It has relatively complete control of extraneous variables.

II. Its results are applicable to real life situations.

Which of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both I and II are correct.

(B) I is incorrect, but II is correct.

(C) Neither of I and II is correct.

(D) I is correct, but II is incorrect.

**43.** Which of the following is not correctly matched ?

(A) Achievement Test – Content validity

(B) Aptitude Test – Predictive validity

(C) Reasoning Test – Content validity

(D) Personality test – Concurrent validity

**36.** निहार परीक्षा में फेल हो जाता है और अपनी असफलता का श्रेय संकाय द्वारा निर्मित प्रश्नपत्र को देता है । वो किस प्रतिरक्षा युक्ति का उपयोग करता है ?

(A) प्रक्षेपण

(B) क्षतिपूर्ति

(C) पहचान

(D) युक्तिकरण

**37.** निम्न में से कौन सा प्रकृतिवादी परिपृच्छा का गुण नहीं है ?

(A) बहुल वास्तविकताएँ

(B) सामान्यीकरण

(C) मानवीय संबंध

(D) मूल्य आधारित अनुसंधान

**38.** **अभिकथन (A) :** बड़े परीक्षण छोटे परीक्षणों से अधिक विश्वसनीय होते हैं ।

**कारण (R) :** प्रत्येक प्रश्न विश्वसनीयता बढ़ाता है ।

निम्न में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(B) केवल (A) सही है ।

(C) केवल (R) सही है ।

(D) (A) तथा (R) में से कोई सही नहीं है ।

**39.** किसी शोध-अभिकल्प में निम्न में से कौन सा वैभिन्य नियन्त्रित या बदला (हेरफेर) नहीं जा सकता ?

(A) स्वतन्त्र चर का वैभिन्य

(B) आश्रित चर का वैभिन्य

(C) बाह्य चरों का वैभिन्य

(D) त्रुटि वैभिन्य

**40.** निम्न में से कौन सी बात एक अच्छे शोध-समस्या के कथन की कसौटी नहीं है ?

(A) चरों में सम्बन्ध की अभिव्यक्ति ।

(B) स्पष्टता तथा असंदिग्धता ।

(C) आनुभविक परीक्षण की सम्भावना ।

(D) सांख्यिकीय विश्लेषण के उपयोग की सम्भावना ।

**41.** निम्न में से कौन सा सतत् चर है ?

(A) विद्यालय के प्रति अभिवृत्ति

(B) किसी बस्ती में पारिवारिक आकार

(C) कॉलेज छात्रों की वैवाहिक स्थिति

(D) कर्मकारों की धार्मिक सम्बद्धता

**42.** प्रयोगशाला में किये गये प्रयोग के बारे में निम्न कथनों को पढ़िये ।

I. इसमें बाह्य चरों पर लगभग सम्पूर्ण नियन्त्रण होता है ।

II. इसके परिणामों को वास्तविक जीवन में अनुप्रयुक्त किया जा सकता है ।

निम्न में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) I तथा II दोनों सही हैं ।

(B) I सही नहीं है, किन्तु II सही है ।

(C) I तथा II में से कोई सही नहीं है ।

(D) I सही है, किन्तु II सही नहीं है ।

**43.** निम्न में से कौन सा सही मिलान नहीं है ?

(A) उपलब्धि परीक्षण – विषयवस्तु वैधता

(B) अभिक्षमता परीक्षण – भविष्यात्मक वैधता

(C) तार्किक परीक्षण – विषयवस्तु वैधता

(D) व्यक्तित्व परीक्षण – संगामी वैधता

**44.** Read the following two lists of items :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Historical Research | 1. Current status |
| b. Action Research | 2. Control of variables |
| c. Survey Research | 3. Natural setting |
| d. Experimental Research | 4. Local problem |
| | 5. Past oriented |

Which of the following matching is correct ?

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**45.** In the context of a Survey Research, the following steps are taken in a certain order :

1. Sampling
2. Inference
3. Data analysis
4. Data collection

Which of the following is the right order of these steps ?

(A) 2, 3, 1, 4

(B) 1, 4, 3, 2

(C) 3, 2, 4, 1

(D) 4, 1, 2, 3

**46.** Which of the following is a measure of location ?

(A) Mode

(B) Mean

(C) Percentile

(D) Standard Deviation

**47.** An investigator wants to study the vocational aspirations of visually challenged children in a wide geographical area. He should select his sample by using

(A) Sample Random sampling

(B) Stratified sampling

(C) Purposive sampling

(D) Convenient sampling

**48.** The distribution of a large number of means based on samples of the sample size selected from the same population is known as

(A) normal distribution

(B) sampling distribution

(C) standard distribution

(D) rectangular distribution

**49.** Two variables X and Y are correlated. This means that the two variables

(A) cause variation in each other

(B) measure the same trait

(C) vary together

(D) vary independently

**50.** When the questions are presented to the respondents in a face-to-face situation and the interviewer fills out the query rather than the subjects it is known as

(A) An inventory

(B) A questionnaire

(C) A schedule

(D) A test

**44.** नीचे दी गई दोनों सूचियों को पढ़ें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ऐतिहासिक शोध | 1. वर्तमान स्थिति |
| b. क्रियात्मक शोध | 2. चरों का नियंत्रण |
| c. सर्वेक्षण शोध | 3. प्राकृतिक वातावरण |
| d. प्रयोगात्मक शोध | 4. स्थानीय समस्या |
| | 5. भूत-संदर्भित |

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है ?

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**45.** सर्वेक्षण शोध के सन्दर्भ में निम्न सोपानों को एक विशेष क्रम में अनुकृत किया जाता है :

1. न्यादर्श चयन
2. अनुमान लगाना
3. समंकों का विश्लेषण
4. आंकड़ों का संग्रह

निम्न में से कौन सा क्रम सही है ?

(A) 2, 3, 1, 4

(B) 1, 4, 3, 2

(C) 3, 2, 4, 1

(D) 4, 1, 2, 3

**46.** निम्न में से कौन सा अवस्थिति का माप है ?

(A) बहुलक

(B) माध्य

(C) शतांक

(D) मानक विचलन

**47.** एक अन्वेषक किसी बड़े भौगोलिक क्षेत्र में दृष्टि-बाधित बच्चों की व्यावसायिक आकांक्षाओं का अध्ययन करना चाहता है । उसे अपने न्यादर्श का चयन किसका उपयोग करके करना चाहिए ?

(A) सरल यादृच्छिक प्रतिचयन

(B) स्तरित प्रतिचयन

(C) सप्रयोजन प्रतिचयन

(D) सुविधाजनक प्रतिचयन

**48.** एक ही समष्टि से चयनित एक ही आकार के न्यादर्शों पर आधारित माध्यों की बड़ी संख्या के वितरण को क्या कहा जाता है ?

(A) सामान्य बंटन

(B) प्रतिचयन बंटन

(C) मानक बंटन

(D) समकोणिक बंटन

**49.** X और Y दो चर सहसम्बन्धित हैं । इसका अर्थ है कि दो चर :

(A) एक दूसरे में भिन्नता उत्पन्न करते हैं ।

(B) एक ही विशेषता का माप करते हैं ।

(C) एक साथ परिवर्तित होते हैं ।

(D) स्वतन्त्र रूप से परिवर्तित होते हैं ।

**50.** जब आमने-सामने बैठकर उत्तरदाताओं से प्रश्न किये जाते हैं और साक्षात्कारकर्ता प्रश्नावली को भरता है बजाय लोगों (उत्तरदात्ता) के, तो इसे क्या कहा जाता है ?

(A) सूची

(B) प्रश्नावली

(C) अनुसूची

(D) परीक्षण

**Space For Rough Work**